# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनाँक- 21.08.2025**

- **अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदक को रिश्तेदार बनकर फोन करके आवेदक के खाते से 30,000 रुपये ट्रांसफर करवाकर साइबर ठगी की गयी थी।**
- **थाना रसूलाबाद पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 30,000 रुपये को वापस कराया गया ।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता जितेन्द्र कुमार पुत्र उमाशंकर निवासी ग्राम बरिगौं, थाना रसूलाबाद, जनपद कानपुर देहात के द्वारा दिनांक 19.07.2024 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रिश्तेदार बनकर फोन करके यू.पी.आई. के माध्यम से 30,000 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवाकर साइबर धोखाधडी की गयी थी, जिसके संबंध में आवेदक/शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करायी गयी। उक्त शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना रसूलाबाद पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा कुल धनराशि ₹ 30,000/-रुपये शिकायतकर्ता के खाते में वापस करायी गई। थाना रसूलाबाद पुलिस की कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए शिकायतकर्ता ने थाना रसूलाबाद पुलिस को धन्यवाद दिया।

**खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे ।**

**वापस करायी गयी धनराशि-**

₹ 30,000/-

**धनराशि वापस कराने वाली टीम-**

थाना रसूलाबाद पुलिस